विद्या बालन की ‘बॉबी जासूस’ की शूटिंग हुई शुरू

Monday, 02 December 2013 16:16

मुंबई। विद्या बालन अभिनीत जासूसी और थ्रिल से भरपूर फिल्म ‘बॉबी जासूस’ की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो गई है।

फिल्म की शूटिंग 55 दिन में पूरी हो जाएगी और ये फिल्म वर्ष 2014 में गर्मियों में रिलीज होगी।

‘बॉबी जासूस’ का निर्माण बॉर्न फ्री एंटरटेनमेंट की दिया मिर्जा और साहिल सांघा कर रहे हैं। इसकी शूटिंग उन्होंने 23 नवंबर से शुरू की थी।

फिल्म की कहानी एक महिला के इर्द गिर्द घूमती है जिसका एकमात्र सपना जासूसी के क्षेत्र में नंबर एक जासूस बनना है।

फिल्म में विद्या के सहकलाकार अली फजल, अर्जुन बाजवा, अनुप्रिया, सुप्रिया पाठक, तन्वी आजमी, आकाश दहिया और राजेंद्र गुप्ता हैं।

‘बॉबी जासूस’ से लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर रहे किरण कुमार की भी वापसी हो रही है।

फिल्म का संगीत एक बार फिर शांतनु मित्रा और स्वानंद किरकिरे ने दिया है।

(भाषा)

1 / 1